भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 53**

जिसका उत्तर सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक) को दिया गया

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के अंतर्गत वितरित ऋण**

53. श्री संजय हरिभाऊ जाधव:
श्री अरविंद गणपत सावंत:
श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:
श्री संजय उत्तमराव देशमुख:
श्री बलवंत बसवंत वानखडे:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा वर्ष 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) की वर्तमान स्थिति क्या है तथा महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न राज्यों में इसे किस प्रकार क्रियान्वित किया गया है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त योजना का कोई मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो महाराष्ट्र में पिछले पांच वर्षों के दौरान प्राप्त आवेदनों की संख्या तथा वितरित ऋणों की राशि का सामाजिक वर्गवार, धार्मिक समूहवार, लिंगवार तथा राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं कि जरूरतमंद व्यक्तियों का समूह उक्त योजना का लाभ प्राप्त कर सके;

(घ) सरकार द्वारा महाराष्ट्र के परभणी तथा यवतलाम-वाशिम और अमरावती संसदीय क्षेत्रों में उक्त योजना के अंतर्गत पुरुष तथा महिला लाभार्थियों की संख्या का ब्यौरा क्या है तथा उक्त पीएमएमवाई योजना के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ड.) सरकार द्वारा उक्त योजना के अंतर्गत पिछड़े क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों, महिलाओं तथा समाज के वंचित वर्ग को ऋण तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) क्या सरकार का विचार भविष्य में उक्त योजना के अंतर्गत ऋण की सीमा बढ़ाने तथा विशिष्ट क्षेत्रों के लिए ऋण प्रदान करने के मानदंडों में छुट देने का है?

**उत्तर**

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क): प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) का शुभारंभ सदस्य उधारदात्री संस्थाओं (एमएलआई) अर्थात् अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी), गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और सूक्ष्म वित्त संस्थाओं (एमएफआई) द्वारा संपार्श्विक मुक्त संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने के लिए किया गया था।

कोई भी व्यक्ति जो अन्यथा ऋण लेने के लिए पात्र है और जिनके पास लघु व्यवसाय उद्यम के लिए एक व्यवसाय योजना है वे योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त कर सकते हैं। वे विनिर्माण, व्यापार, सेवा क्षेत्र में आय सृजन गतिविधियों और कृषि से संबद्ध गतिविधियों के लिए भी ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

एमएलआई द्वारा मुद्रा पोर्टल पर अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल, 2015 से पीएमएमवाई के अंतर्गत 32.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि के 51.67 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं। महाराष्ट्र सहित राज्य-वार कार्यनिष्पादन को अनुबंध-I में दर्शाया गया है।

(ख): सरकार ने वर्ष 2018 में श्रम और रोजगार मंत्रालय के माध्यम से और वर्ष 2023 में नीति आयोग के माध्यम से प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) को आरंभ किए जाने से लेकर अब तक दो मूल्यांकन किए हैं।

पिछले पांच वर्ष के दौरान महाराष्ट्र सहित राज्यों में संवितरित ऋणों का सामाजिक वर्ग-वार, लिंग-वार और राज्य-वार संख्या और संवितरित राशि का ब्यौरा अनुबंध II में दिया गया है।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के अंतर्गत संवितरित ऋणों के लिए प्राप्त आवेदनों और धार्मिक समूह-वार आंकड़ों का ब्यौरा केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता है।

(ग) से (ङ): सरकार ने योजना के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में विभिन्न कदम उठाए हैं। इनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रचार अभियान, आवेदन प्रपत्र का सरलीकरण, ऋण गारंटी योजना, मुद्रा नोडल अधिकारी का नामांकन, आबंटित लक्ष्य की तुलना में उपलब्धि की निगरानी करने के लिए सरकार और बैंकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर निरंतर समीक्षाएं करना शामिल हैं।

दिनांक 24.1.2025 तक महाराष्ट्र के परभणी, यवतमाल, वाशीम और अमरावती जिलों में पीएमएमवाई के अंतर्गत स्वीकृत ऋण खातों की संख्या का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

| **जिला*** | **स्वीकृत ऋण खातों की संख्या** | **(ख) में से महिलाओं को स्वीकृत ऋण खाते** |
|---|---|---|
| **(क)** | **(ख)** | **(ग)** |
| परभणी | 4,53,478 | 3,68,616 |
| यवतमाल | 17,52,528 | 16,24,768 |
| वाशीम | 4,86,198 | 4,26,276 |
| अमरावती | 12,65,974 | 11,38,364 |
| कुल | 39,58,178 | 35,58,024 |

*वित्तीय वर्ष 2015-16 के आंकड़े और कुछेक एनबीएफसी/एमएफआई के जिलेवार आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।
स्रोत: मुद्रा पोर्टल पर सदस्य उधारदात्री संस्थाओं द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार।

(च): वर्ष 2024-2025 के बजट घोषणा के अनुसार, मुद्रा ऋण की सीमा नई श्रेणी ‘तरुण प्लस’ के अंतर्गत उन उद्यमियों के लिए दिनांक 24.10.2024 से 10 लाख रुपये की वर्तमान सीमा से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दी गई है, जिन्होंने 'तरुण' श्रेणी के अंतर्गत ऋणों का लाभ उठाया है और पिछले ऋणों को सफलतापूर्वक चुकाया है।

इसकी सूचना दिनांक 25.10.2024 को सदस्य उधारदात्री संस्थाओं (एमएलआई) को दे दी गई है और ऋण नई श्रेणी के अंतर्गत संवितरित किए जा रहे हैं।

*****

**दिनांक 03.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 53 के भाग (क) के संदर्भ में अनुलग्नक I**

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना

दिनांक 24.01.2025 की स्थिति के अनुसार राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र -वार ब्यौरा

(राशि करोड़ रु. में)

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | ऋण खातों की संख्या | स्वीकृत राशि | संवितरित राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 53,620 | 1,129.37 | 1,106.97 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 10,056,380 | 118,432.55 | 114,486.90 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 135,705 | 1,736.54 | 1,680.97 |
| 4 | असम | 11,337,821 | 63,700.34 | 62,234.08 |
| 5 | बिहार | 58,634,796 | 290,127.43 | 277,322.46 |
| 6 | चंडीगढ़ | 194,515 | 3,259.86 | 3,161.91 |
| 7 | छत्तीसगढ | 9,829,120 | 60,275.80 | 57,390.29 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 40,837 | 709.93 | 683.99 |
| 9 | दिल्ली | 3,488,717 | 40,282.30 | 39,415.91 |
| 10 | गोवा | 378,435 | 5,300.44 | 5,080.06 |
| 11 | गुजरात | 15,460,637 | 126,477.50 | 124,685.18 |
| 12 | हरियाणा | 9,394,465 | 71,560.57 | 69,519.64 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 1,111,999 | 22,079.11 | 20,929.76 |
| 14 | झारखंड | 15,146,407 | 78,312.16 | 76,284.30 |
| 15 | कर्नाटक | 49,448,747 | 301,492.57 | 297,505.87 |
| 16 | केरल | 16,834,944 | 115,936.22 | 114,127.39 |
| 17 | लक्षद्वीप | 11,917 | 179.65 | 171.53 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 30,731,488 | 177,199.51 | 171,231.02 |
| 19 | महाराष्ट्र | 41,342,930 | 273,502.10 | 269,023.15 |
| 20 | मणिपुर | 458,604 | 3,077.02 | 2,900.37 |
| 21 | मेघालय | 288,853 | 2,859.05 | 2,795.04 |
| 22 | मिजोरम | 161,757 | 2,822.79 | 2,704.50 |
| 23 | नागालैंड | 152,076 | 2,270.27 | 2,148.91 |
| 24 | ओडिशा | 33,340,585 | 150,036.16 | 147,037.65 |
| 25 | पुदुचेरी | 1,210,839 | 7,573.94 | 7,482.06 |
| 26 | पंजाब | 9,588,282 | 76,820.41 | 73,661.58 |
| 27 | राजस्थान | 22,101,449 | 171,624.87 | 168,823.95 |
| 28 | सिक्किम | 165,733 | 1,683.79 | 1,632.37 |
| 29 | तमिलनाडु | 57,928,924 | 324,114.71 | 320,997.51 |
| 30 | तेलंगाना | 7,596,552 | 72,006.90 | 70,546.71 |
| 31 | त्रिपुरा | 3,137,904 | 17,598.83 | 17,249.30 |
| 32 | केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर | 2,072,922 | 46,024.02 | 44,386.18 |
| 33 | केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख | 61,260 | 1,887.74 | 1,856.42 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 50,846,706 | 316,009.08 | 307,255.11 |
| 35 | उत्तराखंड | 3,252,495 | 30,672.81 | 29,823.95 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 50,715,876 | 282,521.07 | 277,712.37 |
| **कुल** | | **516,714,297** | **3,261,297.41** | **3,185,055.36** |

स्रोत: मुद्रा पोर्टल पर सदस्य ऋण संस्थानों द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार

## दिनांक 03.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 53 के भाग (ख) के संदर्भ में अनुलग्नक II

**प्रधान मंत्री मुद्रा योजना**

**पिछले 5 वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार रिपोर्ट (01.04.2019 से 31.03.2024 तक)**

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| क्र.सं. | राज्य/ राज्य सघं क्षेत्र | सामान्य | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | ओबीसी | | कुल | | (कुल में से) महिला उद्यमी | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ऋण खातों की संख्या | संवितरित राशि | ऋण खातों की संख्या | संवितरित राशि | ऋण खातों की संख्या | संवितरित राशि | ऋण खातों की संख्या | संवितरित राशि | ऋण खातों की संख्या | संवितरित राशि | ऋण खातों की संख्या | संवितरित राशि |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 12,782 | 459.11 | 208 | 5.74 | 107 | 3.17 | 2,599 | 51.42 | **15,696** | **519.44** | 3,251 | 60.82 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 3,971,392 | 51,211.57 | 474,966 | 4,230.30 | 111,896 | 1,213.96 | 1,493,596 | 12,230.28 | **6,051,850** | **68,886.12** | 2,664,515 | 18,315.61 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 28,038 | 438.79 | 5,051 | 24.17 | 32,921 | 443.19 | 12,766 | 64.28 | **78,776** | **970.42** | 24,906 | 191.55 |
| 4 | असम | 3,842,847 | 26,698.04 | 241,505 | 1,348.10 | 208,441 | 1,260.57 | 569,710 | 3,271.47 | **4,862,503** | **32,578.18** | 2,840,363 | 13,199.81 |
| 5 | बिहार | 13,918,931 | 86,133.13 | 5,686,358 | 21,620.96 | 1,754,872 | 6,465.78 | 15,457,690 | 69,154.97 | **36,817,851** | **183,374.84** | 25,193,097 | 108,805.75 |
| 6 | चंडीगढ़ | 54,957 | 1,480.81 | 27,482 | 129.19 | 1,227 | 9.47 | 8,714 | 64.30 | **92,380** | **1,683.79** | 24,565 | 192.81 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 1,994,824 | 19,765.57 | 693,007 | 2,886.07 | 808,473 | 3,353.11 | 1,912,877 | 9,606.42 | **5,409,181** | **35,611.17** | 3,528,519 | 15,106.71 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 21,254 | 378.40 | 310 | 4.38 | 1,026 | 10.04 | 897 | 16.82 | **23,487** | **409.63** | 12,228 | 107.71 |
| 9 | दिल्ली | 1,078,937 | 16,887.55 | 257,077 | 996.80 | 45,975 | 171.89 | 365,040 | 1,601.59 | **1,747,029** | **19,657.83** | 1,027,034 | 4,268.08 |
| 10 | गोवा | 155,713 | 2,647.91 | 5,254 | 29.82 | 2,731 | 17.50 | 34,062 | 216.22 | **197,760** | **2,911.44** | 94,383 | 771.08 |
| 11 | गुजरात | 5,023,567 | 52,367.87 | 643,251 | 3,129.20 | 961,239 | 4,740.32 | 2,235,153 | 13,743.42 | **8,863,210** | **73,980.81** | 5,400,610 | 24,595.06 |
| 12 | हरियाणा | 1,936,434 | 26,376.26 | 2,237,955 | 9,399.79 | 147,854 | 612.76 | 1,211,870 | 6,776.06 | **5,534,113** | **43,164.87** | 3,213,042 | 14,491.66 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 423,422 | 10,564.80 | 136,805 | 1,134.29 | 19,666 | 377.95 | 64,226 | 662.73 | **644,119** | **12,739.77** | 187,265 | 1,408.22 |
| 14 | झारखंड | 3,297,383 | 24,492.55 | 1,671,129 | 6,261.53 | 814,845 | 3,140.02 | 3,568,643 | 14,650.87 | **9,352,000** | **48,544.96** | 7,104,169 | 27,181.41 |
| 15 | कर्नाटक | 16,469,107 | 122,437.06 | 2,821,530 | 14,433.58 | 1,206,783 | 5,971.67 | 6,230,390 | 35,277.40 | **26,727,810** | **178,119.71** | 17,917,434 | 77,986.05 |
| 16 | केरल | 5,353,473 | 49,424.59 | 847,719 | 3,394.45 | 223,451 | 816.91 | 2,713,615 | 15,167.59 | **9,138,258** | **68,803.55** | 6,135,779 | 29,986.75 |
| 17 | लक्षद्वीप | 1,506 | 22.40 | 100 | 0.82 | 5,337 | 86.76 | 309 | 2.20 | **7,252** | **112.18** | 1,790 | 16.31 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 5,587,727 | 49,237.40 | 3,151,987 | 12,677.24 | 2,243,426 | 9,171.66 | 6,202,906 | 33,437.81 | **17,186,046** | **104,524.10** | 11,599,325 | 47,741.34 |
| 19 | महाराष्ट्र | 12,616,899 | 110,955.10 | 3,025,828 | 11,816.11 | 1,463,064 | 5,675.88 | 6,109,615 | 27,866.28 | **23,215,406** | **156,313.37** | 18,472,436 | 76,036.01 |
| 20 | मणिपुर | 211,410 | 1,475.95 | 16,473 | 72.18 | 10,361 | 129.34 | 46,385 | 186.68 | **284,629** | **1,864.15** | 108,864 | 671.16 |
| 21 | मेघालय | 72,505 | 1,039.22 | 9,108 | 42.26 | 66,495 | 492.03 | 10,248 | 50.93 | **158,356** | **1,624.44** | 82,397 | 520.53 |
| 22 | मिजोरम | 33,493 | 468.46 | 3,765 | 15.60 | 56,518 | 1,139.04 | 2,894 | 14.02 | **96,670** | **1,637.11** | 60,407 | 966.80 |
| 23 | नागालैंड | 48,823 | 889.30 | 1,575 | 18.26 | 31,527 | 362.62 | 4,321 | 45.10 | **86,246** | **1,315.28** | 50,934 | 464.20 |
| 24 | ओडिशा | 7,547,274 | 51,066.11 | 3,173,622 | 11,036.51 | 1,553,037 | 5,261.89 | 6,431,364 | 24,127.26 | **18,705,297** | **91,491.78** | 14,550,610 | 54,048.80 |
| 25 | पुद्दुचेरी | 403,728 | 2,636.85 | 35,986 | 246.08 | 7,678 | 48.77 | 164,103 | 1,022.58 | **611,495** | **3,954.28** | 413,125 | 2,046.31 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | पंजाब | 2,044,894 | 30,303.77 | 3,146,935 | 11,690.30 | 150,098 | 640.42 | 442,533 | 2,397.19 | **5,784,460** | **45,031.68** | 3,100,089 | 13,465.45 |
| 27 | राजस्थान | 4,361,316 | 54,828.95 | 3,331,824 | 14,750.54 | 2,174,345 | 9,488.35 | 3,947,339 | 28,498.49 | **13,814,824** | **107,566.33** | 8,615,640 | 36,232.77 |
| 28 | सिक्किम | 54,335 | 731.51 | 8,571 | 61.43 | 12,852 | 126.41 | 3,614 | 82.22 | **79,372** | **1,001.57** | 34,464 | 348.33 |
| 29 | तमिलनाडु | 22,625,637 | 144,484.15 | 2,682,243 | 14,102.77 | 444,063 | 2,216.84 | 5,549,115 | 35,709.66 | **31,301,058** | **196,513.41** | 21,221,284 | 105,325.12 |
| 30 | तेलंगाना | 2,408,495 | 28,484.50 | 405,157 | 2,525.40 | 245,592 | 1,834.36 | 1,132,528 | 7,635.41 | **4,191,772** | **40,479.68** | 2,324,936 | 12,630.28 |
| 31 | त्रिपुरा | 825,813 | 5,789.48 | 329,326 | 1,864.26 | 375,763 | 1,801.28 | 225,807 | 1,401.55 | **1,756,709** | **10,856.56** | 1,102,997 | 5,901.42 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 10,229,261 | 106,187.01 | 8,838,968 | 34,137.24 | 1,174,602 | 4,617.75 | 10,633,264 | 51,547.59 | **30,876,095** | **196,489.60** | 18,549,932 | 76,743.89 |
| 33 | उत्तराखंड | 793,877 | 12,857.11 | 448,446 | 2,007.84 | 61,971 | 322.10 | 524,032 | 2,569.02 | **1,828,326** | **17,756.07** | 1,120,735 | 5,575.61 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 21,837,875 | 140,897.12 | 4,376,023 | 19,907.67 | 972,258 | 4,622.13 | 1,677,312 | 8,576.75 | **28,863,468** | **174,003.66** | 20,470,995 | 91,735.45 |
| 35 | केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर | 1,330,829 | 29,091.45 | 33,883 | 287.58 | 13,312 | 152.42 | 31,380 | 377.15 | **1,409,404** | **29,908.61** | 321,014 | 5,596.41 |
| 36 | केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख | 15,735 | 456.37 | 130 | 3.99 | 27,158 | 758.28 | 233 | 4.17 | **43,256** | **1,222.81** | 12,172 | 254.72 |
| | **कुल** | **150,634,493** | **1,263,666.22** | **48,769,557** | **206,292.45** | **17,430,964** | **77,556.64** | **79,021,150** | **408,107.90** | **295,856,164** | **1,955,623.20** | **197,585,306** | **872,989.99** |

स्रोत: मुद्रा पोर्टल पर सदस्य ऋण संस्थानों द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार

*****